कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, **भारत सरकार**)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, **Govt. of India**)

आदर्श अस्पताल /MODEL HOSPITAL
लक्ष्मी नगर, अजमेर रोड, जयपुर – 302006 (राजस्थान)
LAXMI NAGAR, AJMER ROAD, JAIPUR- 302006 (RAJASTHAN)
NABH AND ISO 9001:2015 CERTIFIED HOSPITAL
ईमेल/Email: ms-jaipur.rj@esic.gov.in
दूरभाष/Tel: 0141-2228040

दिनांकः 01.10.2024

क.रा.बी.निगम आदर्श अस्पताल, जयपुर में राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह – 2024 का सफल आयोजन

कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, जयपुर में दिनांकः 30.09.2024 को राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह–2024 का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रीमती सुनीता दुआ, सहायक निदेशक (रा.भा.), प्रधान आयकर आयुक्त कार्यालय, जयपुर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अल्का पाल, चिकित्सा अधीक्षक द्वारा की गयी तथा उद्घाटन पंचदीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती को माल्यार्पण के साथ किया गया।

राजभाषा विभाग, भारत सरकार तथा निगम मुख्यालय, नई दिल्ली के निदेशानुसार दिनांकः 14 सितम्बर से 29 सितम्बर, 2024 तक मनाए गए राजभाषा पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र व नकद पुरस्कार तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अल्का पाल ने अस्पताल के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वयन के लिए हमें अधिकाधिक कार्यालयीन कामकाज हिन्दी में करना चाहिए तथा राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम में निहीत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता दुआ, सहायक निदेशक (रा.भा.), आयकर आयुक्त कार्यालय, जयपुर द्वारा अपने संबोधन में कहा कि राजभाषा हिन्दी में कार्यालयीन कामकाज करना हमारा परम ध्येय होना चाहिए। वर्तमान में विविध आईटी टूल्स के माध्यम से हिन्दी में कामकाज करना काफी सहज हो गया है। आज देश में हिन्दी में कार्य करने की प्रतिशतता में वृद्धि हुई है। इसके लिए माननीय संसदीय राजभाषा समिति द्वारा लगातार संपूर्ण देश में राजभाषा संबंधी निरीक्षण किए जा रहे हैं।आइए हम सभी आज इस बात का संकल्प लें कि हम अधिकाधिक कार्यालयी कामकाज हिन्दी में करेंगे। श्री अमित कुमार श्रीवास्तव, उप निदेशक (रा.भा. प्रभारी) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न किया गया।

<u>राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह- 2024 से संबंधित छायाचित्र</u>